रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 42 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
इंदौर प्रति मंगलवार, 10 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक

### भारत का तेल आयात क्या अमेरिका तय कर रहा है?

# क्या कहते हैं आँकड़े

बीते महीनों में अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल ख़रीद बंद करने के लिए दबाव बनाया था लेकिन अब अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि उनका देश भारतीय रिफ़ाइनरियों को सीमित समय के लिए रूसी तेल ख़रीदने की "अनुमति" देग शुक्रवार, छह मार्च को फ़ॉक्स बिज़नेस को दिए इंटरव्यू में बेसेंट ने कहा, "भारतीयों ने बहुत अच्छा काम किया. हमने उनसे प्रतिबंधित रूसी तेल ख़रीदना बंद करने को कहा था. उन्होंने ऐसा किया." उन्होंने आगे कहा, "वे इसकी जगह अमेरिकी तेल लेने वाले थे. लेकिन दुनियाभर में तेल की अस्थायी कमी को कम करने के लिए हमने उन्हें रूसी तेल ख़रीदने की अनुमति दी है. हम दूसरे रूसी



तेल पर लगे प्रतिबंध भी हटा सकते हैं." उसी दिन बेसेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि (भारतीय रिफ़ाइनरियों को) 30 दिन की ये छूट समंदर के ज़रिये तेल की आपूर्ति बाधित होने के लिए दी गई है और इससे रूस की सरकार को बहुत आर्थिक लाभ होने वाला नहीं है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फ़ीसदी टैरिफ़ लगा दिया था. यह दुनियाभर के देशों पर लगे सबसे ज़्यादा टैरिफ़ में से एक था. इसमें भारत पर रूसी तेल ख़रीदने की वजह से लगा 25 फ़ीसदी अतिरिक्त टैरिफ़ भी शामिल था ट्रंप प्रशासन का तर्क था कि रूसी तेल ख़रीदकर भारत यूक्रेन में चल रहे युद्ध में रूस की वित्तीय मदद कर रहा है।

## A.K समेत सभी 23 लोगों को हाई कोर्ट का नोटिस,CBI अफसर पर भी नहीं होगा एक्शन



दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाले मामले से जुड़े CBI मामले राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी अरविंद केजरीवाल समेत सभी 23 लोगों को नोटिस जारी किया है. कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को करेगी. वहीं हाई कोर्ट ने केस की जांच करने वाले CBI ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है सोमवार को सीबीआई की याचिका पर हाई कोर्ट ने केजरीवाल-सिसौदिया समेत अन्य लोगों की रिहाई के आदेश पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया. सीबीआई ने लोअर कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है. सीबीआई की तरफ से पेश हुए SG तुषार मेहता ने केजरीवाल-सिसौदिया समेत 23 लोगों की रिहाई के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी. कोर्ट ने ऐसा करने से मना कर दिया. इस दौरान जस्टिस ने ट्रायल कोर्ट से ED केस को तब तक टालने को भी कहा है, जब तक HC सभी आरोपियों को डिस्चार्ज करने के खिलाफ CBI की रिवीजन अर्जी पर फैसला नहीं कर लेता।

### प्रयागराज और वाराणसी से सीधे जुड़ेगा MP का विंध्य...

## NHAI ने जारी किया 105 किमी फोर लेन का टेंडर, अप्रैल से शुरू होगा काम

मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (NH-39) के सीधी-सिंगरौली खंड के शेष 105 किमी के निर्माण का अवॉर्ड जारी कर दिया है. इस परियोजना के अप्रैल 2026 से धरातल पर उतरने की उम्मीद है भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि इस मार्ग को आधुनिक वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है. परियोजना के तहत केवल सड़क ही नहीं, बल्कि भारी बुनियादी ढांचे का जाल बिछाया जाएगा।




»» **3 रेलवे ओवर ब्रिज (ROB)** »» **1 रेलवे अंडर ब्रिज (RUB)**

»» **3 मेजर ब्रिज और 33 माइनर ब्रिज** अंडरपासस्थानीय लोगों और वाहनों के सुगम आवागमन के लिए 11 व्हीकुलर अंडरपास (VUP)1 पैदल अंडरपास (PUP) ड्रेनेज और ड्रेनेज सिस्टम:85 बॉक्स कलवर्ट165 पाइप कलवर्ट के साथ सड़क किनारे आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा UP से बढ़ेगी नजदीकियांयह सिर्फ एक जिला मार्ग नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच व्यापारिक सेतु बनेगा. इस हाईवे के तैयार होने से मध्य प्रदेश के इन क्षेत्रों का उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी जैसे शहरों से सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा।

# सट्टेबाजी से ग्रसित हुई पवन नगरी पुलिस बनी मूकदर्शक आमजन परेशान

**प्रदीप सिंह बघेल**

**उमरिया जिले की धार्मिक नगरी पाली में पुलिस का खौफ नाममात्र रह गया है। सट्टेबाजो ने पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है ।**




जगह-जगह सट्टेबाज 1 का 80 रुपय का झांसा देकर बाजारों में घूमते शहर में घूमते नजर आसानी से नजर आ रहे हैं, जबकि अवैध सट्टेबाजी का कारोबार जोरों पर है लोग का कहना है कि आखिर इस पर कार्रवाई करेगा कौन पाली नगर के प्रमुख चौराहों व गलियों में सट्टेबाज हाथ में मोबाइल लेकर 1 का 80 रुपय बता कर शहर की गलियों में घूमते हुए आसानी से नजर आ जाएंगे वही क्रिकेट मैच वा अन्य आयोजन में सट्टेबाज बेखौफ सक्रिय हो जाते हैं वही जब आम नागरिकों को इनके बारे में जानकारी है तो पुलिस के हाथ इन तक आखिर क्यों नहीं पहुंचते यह सबसे बड़ा सवाल है पुलिस को ,इन गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अतीत में भले ही कुछ गिरफ्तारियां जिले के पुलिस के कप्तान को दिखाने के लिए हुई हों, लेकिन हाल के दिनों में सट्टेबाज बिंदास सक्रिय हैं। लोगों का कहना है कि कानून हाथों में थामे ए सट्टेबाज घूम रहे हैं। रामनवमी जैसे पर्व से पहले यह अवैध धंधा सामाजिक शांति के लिए खतरा बन रहा है।

जिले के पुलिस के कप्तान से नागरिकों ने उम्मीद लगाई है की इस सट्टे के खेल को तत्काल बंद करने की उम्मीद लगाए हुए हैं और इस अवैध धंधे से जुड़े हुए व्यक्तियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की गुहार लगा रहे है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर क्या करवाई की जाती है इसका इंतजार है ।

---

## होली/रंगपंचमी पर हानिकारक केमिकल युक्त रंगों की रोकथाम हेतु पुलिस की विशेष चेकिंग व जागरूकता के साथ प्रभावी कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर - होली/रंगपंचमी के पावन पर्व पर आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार



सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस टीमें स्थानीय बाजारों में सघन चेकिंग कर रही हैं और व्यापारियों व आम जनता को रसायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही मानव जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक प्रतिबंधित रंगों को जप्त भी किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में नगरीय पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में रंगों और गुलाल की दुकानों पर सरप्राइज चेकिंग की।

इस दौरान थाना बाणगंगा द्वारा क्षेत्र में मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले हानिकारक रंगों को जप्त किया गया। रंगो की दुकानों को चेक करते कई प्रकार का रंग पाया गया जो औद्योगिक उपयोग का था जिस पर स्किन पर डायरेक्ट लगाना माना लिखा था किंतु बाजार में बिक रहा था । सुरक्षा को ध्यान रखते सभी को जप्त किया गया । इसके अतिरिक्त मोहल्ला मीटिंग में मिलने वाली शिकायतो जहाँ रामराज से महिलाओं पर उड़ाया जाता है जो बच्चो की आँखो में जलन होना बताया । चूँकि ये औद्योगिक रूप से प्रयोग किया जाता है, इसे रंग के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित है। सभी दुकानों को चेक किया एवं 87 बोरी कुल 2.175 क्विंटल रामरज जप्त जप्त किया । इसी प्रकार पुलिस थाना सेंट्रल कोतवाली नॉर्थ तोड़ा की एक दुकान व गोदाम से करीब 100 बोरी रामरज जप्त जप्त किया इसी प्रकार नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा विभिन्न दुकानों पर जाकर रंगों की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की और जांच के दौरान खतरनाक केमिकल, मानव जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले कलर वी केमिकल को जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ऐसे रंगों की बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की सख्त हिदायत दी गई है। और समझाइश दी जा रही है कि वे केवल हर्बल और प्राकृतिक रंगों की ही बिक्री करें, खतरनाक केमिकल रंगों के विक्रय से बचें।

**आमजन से अपील**

पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि होली पर ऐसी रंगो का उपयोग न करें, जो मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करते हो और जिनसे किसी को कुछ नुकसान हो। सड़क पर चलते लोगों पर जबरन रंग न डालने और न ही हुड़दंग कर लोगों को परेशान करें, अन्यथा उचित कार्रवाई की जावेगी।

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल-सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न होकर नागरिकों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए किया जाए।

सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे, इसके लिए मैदानी अमले को भी जिम्मेदारी सौंपी जाए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा, श्री गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 10 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक



# श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में गुड़ी पड़वा पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## 1008 भक्त करेंगे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ





**दिलीप पाटीदार**

राजगढ़ (धार)। स्थानीय मोहनखेड़ा मार्ग स्थित प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर परिसर में आगामी गुड़ी पड़वा के पावन पर्व को लेकर तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक महोत्सव के संबंध में रविवार को मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय कर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर मंदिर में विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 1008 श्रद्धालुओं द्वारा किया जाने वाला सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा, जो क्षेत्र में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। आयोजन के सफल समापन पर विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का भी आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

बैठक के दौरान उपस्थित धर्मप्रेमियों और भक्तों ने इस दिव्य आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना और युवा पीढ़ी को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ना है। बैठक में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए अलग-अलग टोलियां गठित की गई हैं, जो स्वच्छता, बैठक व्यवस्था और प्रसाद वितरण का कार्य संभालेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस महोत्सव को लेकर उत्साह व्यक्त किया और अधिक से अधिक भक्तों से सपरिवार सम्मिलित होने की अपील की।

# थाना चंदन नगर पुलिस को मिली बडी मात्रा में अवैध शराब की सफलता

## अवैध शराब तस्कर पवन देवड़ा चंदन नगर पुलिस की गिरफ्त में

**खुशबू श्रीवास्तव**

आरोपी के कब्जे से 40 पेटी अंग्रेजी शराब व 15 पेटी बियर कुल 351.72 लीटर अंग्रेजी शराब, 180 लीटर बियर 01 ईको चार पहिया वाहन कार कुल मश्रुका 9,60,000/- रूपये की जप्त। आरोपी अवैध शराब रंग पंचमी पर्व पर अवैध रूप से खपत व परिवहन संरक्षण






के उदेश्य से परिवहन कर रहा था। दिनांक 06- 07.03.2026 की मध्य रात्रि श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय तथा पुलिस उपायुक्त जोन 04 महोदय के मार्गदर्शन में पुलिस थाना चंदन नगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की ईको कार जिसका वाहन क्रमांक MP09ZP3015 है जिस पर अंग्रेजी में पर्वत वास्केल लिखा है जो इन्दौर से धार की ओर जा रही है जिसमें अवैध शराब भरी हुई है ।

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते चंदन नगर पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन को घेराबंदी कर रोक कर अवैध शराब तस्कर को पकडा, उक्त आरोपी को पकड कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पवन पिता परमानंद देवडा उम्र-28 वर्ष निवासी-ग्राम नांदेड थाना माकडोन तह. तराना, जिला-उज्जैन हाल पता- स्कीम नं. 78 राजीव आवास विहार कालोनी विजय नगर इन्दौर का होना बताया ।

उक्त आरोपी के कब्जे से मिली वाहन क्रमांक MP09ZP3015 की विधिवत तलाशी लेने पर उसके अन्दर से अवैध शराब 40 पेटी अंग्रेजी शराब व 15 पेटी बियर (351.72 लीटर अंग्रेजी शराब, 180 लीटर बियर कुल कीमत 5,60,000/- रूपये) व 01 ईको कार कीमत 4,00,000/- रूपये कुल मश्रुका 9,60,000/- रूपये की जप्त की गई । उक्त आरोपी के विरूद्ध थाना चंदन नगर पर अपराध धारा 34(2) आबकारी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी का पुलिस रिमाण्ड लेकर अवैध शराब के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदन नगर निरीक्षक तिलक कारोले, उ.नि. सौरभ कुशवाह, उ.नि. सेवना सिंह औसारी, प्र.आर. बलराम सिंह चौहान, प्रदीप बघेल, आरक्षक अनिल, सुनिल, धीरज की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।


# इंदौर एयरपोर्ट के पीछे सूखी घास में लगी आग, निगम-फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से पाया काबू

**राजेश धाकड़**

इंदौर। शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बाउंड्रीवॉल के पीछे स्थित खुले मैदान और जंगल क्षेत्र में सूखी घास में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना जोन 16, वार्ड 14 के अंतर्गत बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम, फायर ब्रिगेड, पुलिस और सीआईएसएफ की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाम 6 बजे के समय एयरपोर्ट परिसर की पिछली ओर सूखी घास में धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने आसपास के हिस्से को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन में सतर्कता बढ़ा दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम सक्रिय हो गई। जोन 01 से सहायक सीएसआई भारत करोसिया, जोन 16 से सहायक सीएसआई निक्की फथरोड और जोन 20 से सकील मंसूरी मौके पर पहुंचे। उनके साथ सहायक दारोगा अनूप पचवाल, सचिन सिरसिया और रिज़वान खान सहित अन्य कर्मचारी भी राहत कार्य में जुट गए। आसपास के जोनों से जेसीबी मशीनें और पानी के टैंकर तत्काल बुलवाए गए।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। नगर निगम फायर ब्रिगेड से सौरभ व्यास टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस और सीआईएसएफ ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। करीब कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि सूखी घास अधिक होने के कारण



आग फैलने की आशंका बनी हुई थी, लेकिन समय रहते किए गए प्रयासों से बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने लापरवाहीवश जलती वस्तु फेंकी हो या फिर अत्यधिक गर्मी और सूखी घास के कारण आग भड़की हो। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले क्षेत्रों में जलती वस्तुएं न फेंकें और आगजनी जैसी घटनाओं की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# होली का पर्व केवल रंगों और उमंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा में एक नए उत्साह और आध्यात्मिक शुरुआत का संकेत भी है

होलिका दहन के समय जब हम विधि-विधान से पूजा अर्चना कर अपने घर लौटते हैं, तभी से हमारे मन और घर-आंगन में आने वाले पावन पर्वों की तैयारी शुरू हो जाती है। ऐसा लगता है जैसे वातावरण में धीरे-धीरे माता का आगमन हो रहा हो और श्रद्धा का संचार होने लगे। होलिका दहन के बाद घरों में शीतला सप्तमी का पर्व आता है, जिसमें माता शीतला की पूजा कर परिवार के सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इसके बाद दशा माता का पूजन होता है, जो गृहस्थ जीवन में संतुलन, सुख और मंगल का प्रतीक माना जाता है। इन पर्वों के माध्यम से परिवार और समाज में आस्था और परंपरा की डोर और अधिक मजबूत होती है। इसी क्रम में आगे चलकर चैत्र मास का आगमन होता है और नवसंवत्सर के साथ गुड़ी पड़वा तथा चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होता है। नवरात्रि के साथ ही मां जगजननी की आराधना प्रारंभ होती है और ऐसा प्रतीत होता है जैसे धीरे-धीरे माता अपने भक्तों के हृदय और घर-आंगन में विराजमान हो रही हों। यह समय भक्ति, साधना और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।



भारतीय संस्कृति की यही विशेषता है कि यहां हर त्योहार केवल एक दिन का उत्सव नहीं होता, बल्कि वह आने वाले कई शुभ अवसरों की श्रृंखला लेकर आता है। होलिका दहन से शुरू होकर शीतला सप्तमी, दशा माता और फिर नवरात्रि तक चलने वाली यह आध्यात्मिक यात्रा हमारे जीवन में नई ऊर्जा, आस्था और संस्कारों का संचार करती है। इन सभी पर्वों का संदेश यही है कि हम अपने जीवन में अच्छाई, श्रद्धा और सकारात्मकता को स्थान दें और परिवार तथा समाज के साथ मिलकर इन परंपराओं को आगे बढ़ाते रहें। यही हमारी सनातन संस्कृति की पहचान और शक्ति है।

# मस्तिष्क की शक्तियों को जागृत कर प्रज्ञावान बनाता है सहजयोग ध्यान

सहजयोग मेडीटेशन की प्रणेता परम पूज्य श्री माता जी निर्मला देवी ने सहजयोग ध्यान पद्दति द्वारा मस्तिष्क के प्रज्ञावान होने का वर्णन किया । सहजयोग ध्यान की पद्धति मानव के सूक्ष्म शरीर तंत्र को जागृत कर मन मस्तिष्क चित्त और आत्मा को समवेत प्रकाशित करने की योजना पर आधारित है। वास्तव में संसार को अधिकांश मनुष्य ने तीन स्तरों पर अनुभव किया है जिससे हम शरीर, मन और बुद्धि कहते हैं यह तीनों त्रिआयाम कहलाते हैं परंतु कुछ प्रज्ञा पुरुषों ने इसे आत्मा के स्तर पर भी अनुभव किया है और पाया कि चौथा आयाम पूर्व उल्लिखित तीनों आयामों से निराला है इसी का अभ्यास कराता है सहजयोग | श्री माताजी ने कहा है कि हम लोग तीन अवस्थाओं में रहते हैं।

जागृत अवस्था में हमारा ध्यान यहाँ वहाँ भटकता है, और हम हमारे चित्त को खराब करते हैं। दूसरा वह होता है, जिसमें हम सोते हैं । जब हम सोते हैं तब भी हमारे अतीत की और इधर उधर की बातें हमारे पास आती हैं। फिर हम और गहरी नींद में चले जाते हैं जिसे कहते हैं सुषुप्ति । इस स्थिति में आप गहरी नींद में होते हैं और सपने देखते हैं । जो कि सच भी हो सकते हैं। आप मेरा सपना भी देख सकते हैं। यह अचेतन का ईश्वरीय भाग है, जहाँ सुन्दर जानकारियां प्रदान की जाती हैं।

.....चौथी अवस्था को तुर्या अवस्था कहते हैं। दो अवस्थाएं और होती हैं। सहजयोगी तुर्या स्थिति में हैं जिसमें आप निर्विचार जागरूक अवस्था में होते हैं। जब कोई विचार नहीं है- जरा सोचिये जब कोई विचार नहीं होता - आपको अबोध बनना पड़ता है, आपको चेतना को जानना पड़ता है, आप किसी से मोह में नहीं रह सकते । तो यही निर्विचार की स्थिति जिसमें आप लोग हैं, यही तुर्या स्थिति है और इस स्थिति में यह चार पंखुड़ियां जो आपके अन्दर हैं, इन्हें आपके सहस्त्रार में खुलना होगा । ये आपके हृदय से मस्तिष्क तक जाती हैं और तब आप असल में यह समझ पायेंगे कि ईश्वर क्या हैं ? यह वह समय है जब आपको असली ज्ञान प्राप्त होता है । परम पूज्य श्रीमाताजी, महाशिवरात्रि पूजा प्रवचन से साभार । आप स्नेह पूर्वक आमंत्रित है सहजयोग परिवार में



अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

# गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव एवं उपचार हेतु एडवाईजरी जारी

सलीम हुसैन

**झाबुआ,** 09 मार्च गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगो से बचाव एवं उपचार हेतु एडवाईजरी जारी की गई है जिसमें अधिक तापमान एवं गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु उपाय सुझाएं गए है ताकि गर्म हवा से होने वाली समस्या तथा जटिलताओं का समय पर पहचान एवं इलाज करते हुए रोगों तथा मृत्यु का कम किया जा सके। आमजन को जागरूक व सही जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से एडवाईजरी जारी।



## लू (Heat Stroke)

लू लगना शरीर की वह अवस्था है जिसमे गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे-धीरे हो सकती है।

## लू के लक्षण

तेज बुखार के साथ मुंह का सुखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और पैशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना।

## लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए इन बातों का ध्यान रखना चाहिये- पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहें, बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर जायें, बच्चे बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषतः दोपहर में 12 से 04 बजे के मध्य घर से बाहर ना जाएे, धूप में निकलने से पहले सर एवं कानों को कपडे से अच्छी तरह से ढक ले, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती हल्के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहन कर घर से निकले, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल, लस्सी, मठा एवं फलों का रस पीये जिससे शरीर में मिनेरल्स की कमी न होने दे, गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन से बचे, चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, गर्म हवाओं की स्थिति जानने के लिए रेडियो, टी. वी. पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त करते रहे, उल्टी, सिरदर्द तेज बुखार की स्थिति में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श प्राप्त किया जाए, यात्रा के समय पानी की बोतल, ओ.आर.एस. पेकेट साथ में रखना चाहिये।

## लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाये जैसे कच्चे **आम का पना एवं जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवें, बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें, शरीर पर ठंडे पानी का छिडकाव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जायें, आशा/ए.एन.एम से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।**

# दिव्य व सनातन संस्कृति का प्रत्यक्ष स्वरूप है सहजयोग

**सहजयोग परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा संस्थापित एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मानव, धर्म की सत्यता व वास्तविकता से परिचित होता है। सहजयोग कोई संस्था या संगठन नहीं वरन् एक संस्कृति का नाम है। श्री माताजी ने स्वयं इसका वर्णन अपनी पुस्तक 'सहजयोग' में किया है। श्री माताजी के अनुसार, सहजयोग को समझने की एकमात्र विधि यह है कि, नम्र जिज्ञासु बनकर व्यक्ति आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करे।**



आत्म साक्षात्कार के पश्चात् यदि व्यक्ति सत्यता से सहज मार्ग को अपनाता है तो स्वयं हमारी कुंडलिनी शक्ति ही हमें सहज संस्कृति में प्रतिस्थापित करती जाती है। उसके लिए हमें अलग से कोई प्रयत्न नहीं करना होता जब मनुष्य आत्मा के ज्ञान को प्राप्त कर लेता है तब उसकी कुंडलिनी शक्ति की जागृति होती है तो वह स्वयं ही भौतिकता से परे हो जाता है। झूठ, बेईमानी, लोभ, मोह आदि अवगुण स्वयं ही उसका साथ छोड़ देते हैं। चरित्र में नैतिकता का गुण सहजयोगियों की पहचान बन जाता है। सहज व्यक्ति सदैव ही भयमुक्त, चिंतामुक्त, आनंद में मग्न रहता है क्योंकि आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के साथ ही वह परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश कर लेता है जहां प्रत्येक व्यक्ति तृप्त व संतुष्ट होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसमें आप सांसारिक जीवन में रहकर सन्यास भाव को प्राप्त कर लेते हैं तथा प्रत्येक उतार-चढ़ाव के प्रति साक्षी स्वरूप हो जाते हैं सहज संस्कृति में व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कमी अपने जीवन में महसूस नहीं होती। किसी से कुछ पाने की लालसा समाप्त हो जाती है तथा देने का भाव जागृत होता है। निश्चित ही संसार में रहते हुए हर कार्य में धन की आवश्यकता होती है इसके लिए स्वयं श्री माताजी ने कहा है, कृपया याद रखिए कि हम परमात्मा के साम्राज्य में हैं और यह नागरिकता आपकी हर आवश्यकता को पूर्ण करती है हर वक्त आप इसका अनुभव करेंगे सहज योग का कार्य करने के लिए जब भी आप प्रयत्नशील होंगे किसी भी प्रकार से आपको साधनों की उपलब्धता हो जाएगी। परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि आप कर्मठता को छोड़ दें श्री माताजी के अनुसार सहजयोगी आलसी, कंजूस अथवा वैभव का प्रदर्शन करने वाले नहीं होते। वह अत्यंत विनम्र, प्रेममय तथा सभी का मान करने वाले होते हैं श्री माताजी के शब्दों में सहज योगी का हृदय गुलाबी रंग के कमल सा होना चाहिए जिसमें अतिथि सत्कार, माधुर्य तथा आनंदमय स्वभाव छलक पड़े। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

## भैरव बाबा की स्थापना के साथ गृह प्रवेश, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रेणु कैथवास | रणजीत टाइम्स**

गुरुदेव माँ चौसठ जोगनी की असीम कृपा से पीयूष साहू जी के नए घर में विधि-विधान के साथ शुभ गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पर भैरव बाबा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई तथा भंडारे का भव्य आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में गुरुदेव के भक्तों एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

पूरे कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ, जहां भजन-कीर्तन एवं पूजा-पाठ के साथ भक्तों ने भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। भैरव बाबा की स्थापना के बाद सभी श्रद्धालुओं ने विधिवत आरती में भाग लिया और गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना करते हुए पीयूष साहू जी को नए घर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस पावन अवसर पर उपस्थित भक्तों ने कहा कि गुरुदेव माँ चौसठ जोगनी की कृपा से इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा



और एकता का संदेश मिलता है। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## कमिश्नर द्वारा प्रधानमंत्री आवास एवं पीएम स्वनिधि योजना कार्यों की विस्तार से हुई समीक्षा




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अमृत 2.0 के तहत संभाग के विभिन्न निकायों में निर्मित की जा रही नल जल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं का कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने हेतु मासिक कार्य योजना बनाकर संचालित कराएं। जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। उनके विरूद्ध पैनाल्टी एवं कार्य निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों में बनाई जा रही जल संरचनाओं तथा ग्रीन एरिया स्पेश योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय कल्याण एवं आवास विभाग श्री आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री तथा संबंधित निकायों के उपयंत्री उपस्थित रहे।

आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत विगत वर्षों में स्वीकृत आवासों की पूर्णता की समीक्षा निकायवार करते हुए निर्देश दिए कि जो आवास लेंटल लेवल या छत स्तर तक पूरे हो गए हैं, उन्हें मार्च माह में पूरा कराएं। जो जिन आवासों को पूरा करने में हितग्राही द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है। संबंधित हितग्राही के विरूद्ध आरआरसी की कार्यवाही करते हुए राशि वसूलने की कार्यवाही करें। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत चयनित हितग्राहियों का सर्वे एवं सत्यापन का कार्य 10 दिन के भीतर पूरा कर डीपीआर बनाया जाए तथा अनुमोदन के पश्चात पोर्टल में अपलोड कराया जाए। जिन हितग्राहियों को किन्ही कारणों से अपात्र किया गया है, उन्हें अपात्र होने के कारण के साथ सूचाना अनिवार्य रूप से दी जाए। आपने पीएम स्वनिधि 2.0 योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि हितग्राहियों का चयन कर पर्याप्त संख्या में प्रकरण तैयार करते हुए बैंकों को प्रेषित किया जाए तथा इन प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही भी 31 मार्च के पूर्व अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए। शहडोल नगर की सीवरेज लाईन के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि सीवरेज लाईन का 83 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कांग्रेस का हल्लाबोल,

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया के नेतृत्व में कचहरी चौक पर प्रदर्शन

**नवल किशोर**

कटनी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कटनी में महिला कांग्रेस ने वैश्विक स्तर पर चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' के मामले को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार, युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौक से विशाल कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।




प्रदर्शन के दौरान सौम्या राँधेलिया ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "एपस्टीन फाइल्स के खुलासे से पूरी दुनिया में मानवता शर्मसार हुई है। इस अमानवीय कृत्य में निर्दोष बच्चियों की हत्या और शोषण की जो बातें सामने आई हैं, उनमें भारत के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम कई बार आया है। उनकी संलिप्तता के प्रमाण मिलने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से बर्खास्त नहीं कर रहे हैं।" उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मंत्री का इस्तीफा नहीं होता, महिला कांग्रेस का यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

श्रद्धांजलि और नारों से गूंजा कचहरी चौक हाथों में मोमबत्तियां और 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' की तख्तियां लिए कांग्रेस जनों ने मार्च निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उन मासूम बच्चियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जो इस जघन्य अपराध का शिकार हुईं। प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः इस विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ नेता राकेश जैन, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा, संगठन मंत्री प्रेम बत्रा, राजा जगवानी, कमल पांडेय, संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राहुल होतवानी, श्याम पहुजा, विनीत जायसवाल, मंगल सिंह, मुस्ताक भाई, श्याम यादव, अजय जैसवानी, राहुल पटेरिया, शशांक गुप्ता गोलू, अजय खटिक, सचिन गर्ग, सूर्यकांत कुशवाहा, अजय कोल, लता कनोजिया, मीनाक्षी वल्लवी, नीरा सोनी, मुमताज बानो, हेमा शर्मा, रश्मि अग्रवाल, मनीषा सोलंकी, लता खरे, प्रीति पांडे, तमन्ना पांडे, जितेंद्र गुप्ता, अभिषेक प्यासी, अनुराग दाहिया, हरीश यादव, देवांश बाजपेई, विजय मंगल चौधरी और रमेश अहिरवार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले भर में आयोजित हुई ग्राम सभाएं



## महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित एजेंडा के अनुसार अन्य विषयों पर हुई चर्चा

**नवल किशोर**

कटनी । जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं नागरिकों की उत्साह जनक भागीदारी रही। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में पूर्व में नियुक्त नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्धारित एजेंडा के मुताबिक महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, पंचायत राज संचनालय, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, वन विभाग,राज्य जैव विविधता बोर्ड सहित अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा एवं कार्यवाही हुई। ग्राम सभाओं में बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही, महिला सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता,स्वावलंबन के संबंध में ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई।

# टी-20 वर्ल्ड कप जीत के बाद कैमोर में ऐतिहासिक जश्नः देर रात तक सड़कों पर गूंजे भारत माता के जयकारे, आतिशबाजी

**नवल किशोर**

**कटनी**। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद कैमोर में जबरदस्त जश्न मनाया गया। देर रात तक सड़कों पर युवाओं ने आतिशबाजी की, ढोल-नगाड़े बजाए और 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम्' के नारों के साथ जीत का जश्न मनाया। क्रिकेट प्रशंसकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी, पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

**»» ऐतिहासिक जीत का जश्नः** भारतीय टीम द्वारा टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन और खिताबी जीत के बाद, कैमोर सहित मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन जैसे शहरों में प्रमुख चौराहों पर भारी भीड़ उमड़ी

**»» सड़कों पर उत्साहः** देर रात तक लोग नाचते-झूमते नजर आए और आतिशबाजी का दौर चलता रहा

**»» देशभक्ति का माहौलः** 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों के साथ क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगा लहराकर अपनी खुशी का इजहार किया

## »» उत्सव के रंग

जश्न के दौरान युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर डांस किया और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर जीत की बधाई दी मैच के अंतिम ओवरों में रोमांच चरम पर था, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने धैर्य और अनुभव का परिचय देते हुए जीत को अपने नाम कर लिया। जैसे ही अंतिम गेंद के साथ भारत की जीत पक्की हुई, पूरे देश में जश्न का माहौल बन गया।

सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक, हर जगह क्रिकेट प्रशंसकों ने पटाखे फोड़कर और तिरंगा लहराकर खुशी मनाई इस दौरान नगर परिषद द्वारा नवीन बस स्टैंड में स्थापित एलईडी में मैच का



लाइव प्रसारण किया गया जिसमें नगर की जनता ने फाइनल मैच का आनंद भी उठाया गौरतलब है की एलईडी के उद्घाटन के बाद पहली बार एल ई डी का उपयोग करते हुए फाइनल मैच का प्रसारण करने के लिए नगर परिषद की अध्यक्षा पलक निमित ग्रोवर उपाध्यक्ष संतोष केवट मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते का नगर वासियों ने आभार व्यक्त किया।

## सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार बंसल (IAS) ने किया इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इंदौर का भ्रमण

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार बंसल (IAS), श्रीमती इंद्रजीत कौर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भोपाल, श्री मनोज जायसवाल डिप्टी रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग, इंदौर एवं श्री गौरव कुमार शाक्या, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भोपाल द्वारा



भेंट दी गई। इंदौर दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलबीर शर्मा द्वारा दुग्ध संघ में पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा अतिथियों को इंदौर दुग्ध, संघ में संचालित विभिन्न गतिविधियों, दुग्ध प्रदायक सदस्यों तथा समितियों के लिए वर्तमान में प्रचलित कल्याणकारी योजनाओं एवं दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। श्री बंसल ने दुग्ध संघ द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों का अवलोकन किया व विशेष रूप से क्षेत्र संचालन गतिविधियों में दूध संकलन बढ़ाने, नई समितियों का गठन, बंद समितियों को पुर्नजीवित करने संबंधी निर्देश दिये साथ ही वर्तमान में कार्यरत समितियों के सुदृढ़ीकरण व समय-सीमा में दूध प्रदायक किसानों को किये जा रहे भुगतान पर प्रसन्नता व्यक्त की। विपणन गतिविधियों में दूध एवं दूध उत्पाद विक्रय की समीक्षा की व संघ द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्ययोजना का अवलोकन कर उक्तानुसार लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया। निर्धारित लक्ष्यों का अवलोकन कर आगामी समय में लक्ष्य प्राप्ति हेतु दुग्ध संघ के पदस्थ अधिकारियों को अपने सुझाव देकर मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही दुग्ध संघ के कार्यों की सराहना की। अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शर्मा द्वारा दुग्ध संघ में दी गई भेंट, मार्गदर्शन एवं सुझाव हेतु दुग्ध संघ में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

## मुस्कान ग्रुप एरोबिक्स क्लब द्वारा महिला दिवस अत्यंत उत्साह पूर्वक मनाया गया



खुशबू श्रीवास्तव



विदित हो की मुस्कान ग्रुप स्कीम नंबर 140 में विगत 8 10 वर्षों से निशुल्क एरोबिक्स करवा कर लोगों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बना हुआ है। महिला दिवस 8 मार्च को संडे का अवकाश होने से, एवं रंग पंचमी का उत्सव होने से एक दिन पूर्व ही विश्व महिला दिवस मनाया गया।

इसमें मुस्कान ग्रुप की संचालक आदरणीय शहनाज मैडम द्वारा एवं मुस्कान ग्रुप की सीनियर सदस्य निर्मल दुबे मैडम द्वारा मुस्कान ग्रुप के सभी महिला सदस्यों का, एवंके आमंत्रित सदस्यों का उत्साह पूर्वक सा सम्मान किया गया। नाश्ते आदि का वितरण किया श्रीमती माधुरी फंसालकर, स्वीटी जैन, दिव्या अग्रवाल, प्रतिभा, विजया कानूनगो एवं उर्वशी अमृतफले, आमंत्रित सदस्य थे जिनका सम्मान किया गया।ग्रुप के सभी सदस्य, स्मिता अमृत फले, रश्मि अग्रवाल,संतोषी, साहू मैडम उषा शर्मा, बेंसी थामस, रश्मि खुराना, कुनिका एवं सभी महिला सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप की सक्रिय सदस्य Hafeez khan समीक्षा, सचिन एवं अखिल द्वारा सारे कार्यक्रम की व्यवस्था की गई । अंत में रश्मि अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## आपसी सौहार्द्र के साथ नगर निगम परिवार का होली मिलन समारोह संपन्न

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की रही विशेष मौजूदगी

कटनी। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में नगर निगम परिवार का होली मिलन समारोह रविवार को कटाए घाट स्थित सुरम्य पार्क में हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द्र के साथ गरिमापूर्ण माहौल के बीच आयोजित किया गया। रंग पंचमी के अवसर पर कटाए घाट सुरम्य पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक,पुलिस अधीक्षक , वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार ,निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार,एडीएम नीलांबर मिश्र,एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी,नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया,उपायुक्त शैलेश गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण, मीडिया बंधुओं की विशेष उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली एवं रंग पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, भाईचारे तथा सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को बढ़ाने वाला पर्व है। ऐसे आयोजन आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने के साथ ही कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सभी को होली एवं रंगपंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक टीम के रूप में कार्य कर रहा है। ऐसे अवसर आपसी समन्वय और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया तथा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए होली एवं रंगपंचमी पर्व की खुशियां साझा की।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 10 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक



# असम चुनाव से पहले NDA में खटपट! BJP के सामने ही मैदान में उतरने को तैयार सहयोगी दल

**रणजीत टाइम्स**

असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही खेमों के अंदर सीटों के गणित को लेकर तनातनी चल रही है। इसी बीच एनडीए में खटपट की खबरें सामने आ रही हैं। दरअसल, विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर बीजेपी के सामने ही एनडीए के सहयोगी दल चुनाव लड़ने के मूड में नजर आ रहे हैं।

## BJP को चुनौती दे रहे सहयोगी दल

दरअसल, विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा लगातार विकास के वादे कर रहे हैं। हालांकि उनके सहयोगी दल असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट लगातार चुनौती दे रहे हैं। सीएम के सामने दोनों ही दल को संतुष्ट करने की सबसे बड़ी चुनौती है। इस बार AGP ज्यादा सीट देने की बात कर रही है।

## सीएम ने किया इनकार

**मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने सहयोगियों के साथ फ्रेंडली फाइट की संभावनों का खारिज कर दिया है। हालांकि उन्होंने कहा कि AGP के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती दौर की बातचीत शुरू हो गई है और इस पर 9-10 मार्च तक मुहर भी लग जाएगी।**

## पिछले चुनाव में जीती थी 26 सीटें

विधानसभा चुनाव 2021 में असम गण परिषद ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में 29 सीटों पर पार्टी ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, जिनमें से 26 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा और 3 सीटों पर बीजेपी के साथ दोस्ताना मुकाबला किया। पार्टी ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि बीजेपी और एजीपी का दोस्ताना 2014 से है। .

# शिक्षित, सशक्त महिलाएं प्रगतिशील राष्ट्र की स्तंभ हैं: राष्ट्रपति मुर्मू

**रणजीत टाइम्स**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षित एवं सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की स्तंभ हैं। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा कि 'नारी शक्ति' विविध क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है और साहस के साथ नेतृत्व कर रही है जिससे अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा, ''आइए, इस अवसर पर हम ऐसे समाज के निर्माण के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करें, जहां हर महिला को आगे बढ़ने और गरिमा, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने के समान अवसर मिलें।'' राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, ''आइए, हम मिलकर ऐसा माहौल बनाएं, जहां महिलाओं की आकांक्षाएं और उपलब्धियां बेहतर भविष्य को आकार दें।''

# नारी तू नारायणी

**रेणु कैथवास-रणजीत टाइम्स**

भारतीय संस्कृति में नारी को केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है -"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता" अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है,



वहाँ देवताओं का वास होता है। इसी भाव को व्यक्त करने वाला वाक्य है "नारी तू नारायणी", जिसका अर्थ है कि नारी स्वयं देवी स्वरूप है। नारी जीवन की जननी है। वह माँ के रूप में स्नेह और त्याग की मूर्ति होती है, बहन के रूप में स्नेह देती है, पत्नी के रूप में जीवन की साथी बनती है और बेटी के रूप में घर में खुशियों की किरण लाती है। नारी अपने प्रेम, धैर्य और त्याग से परिवार और समाज को जोड़कर रखती है। यही कारण है कि उसे शक्ति, लक्ष्मी और सरस्वती का रूप माना गया है।

इतिहास और वर्तमान समय में भी अनेक महिलाओं ने अपने साहस और प्रतिभा से यह सिद्ध किया है कि नारी किसी से कम नहीं है। शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल और समाज सेवा जैसे हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। आज की नारी आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बन रही है, जो समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फिर भी समाज में कई स्थानों पर महिलाओं को भेदभाव, हिंसा और अन्याय का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमें केवल "नारी तू नारायणी" कहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वास्तविक जीवन में भी महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्हें शिक्षा, समान अधिकार और अवसर प्रदान करना समाज का कर्तव्य है। अंत में यही कहा जा सकता है कि नारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की शक्ति है। जब नारी का सम्मान और सशक्तिकरण होगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा। इसलिए हमें नारी को देवी स्वरूप मानकर उसका आदर करना चाहिए, क्योंकि सच ही कहा गया है- "नारी तू नारायणी।"

# कहीं पुल बनते-बनते टेढ़े हो जा रहे हैं, कहीं सड़कें धँसकर धरती में समा रही हैं, और कहीं "स्मार्ट सिटी" का स्मार्टपन ही खोजने से नहीं मिल रहा



राजेन्द्र ...मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल इन दिनों अजीब-अजीब इंजीनियरिंग चमत्कारों के लिए चर्चा में है। कहीं पुल बनते-बनते टेढ़े हो जा रहे हैं, कहीं सड़कें धँसकर धरती में समा रही हैं, और कहीं "स्मार्ट सिटी" का स्मार्टपन ही खोजने से नहीं मिल रहा। हालत यह है कि जनता पूछ रही है कि यह विकास हो रहा है या प्रयोगशाला में चल रहा कोई असफल प्रयोग। सबसे चर्चित उदाहरण वह 90 डिग्री का पुल है, जिसे देखकर आम आदमी को लगता है जैसे किसी बच्चे ने कॉपी में ज्यामिति का सवाल हल करते-करते पुल बना दिया हो। सड़कें भी ऐसी बन रही हैं कि लगता है जैसे इंजीनियरिंग कम और जुगाड़ ज्यादा काम कर रहा हो। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन नतीजा ऐसा कि लोग कहने लगे हैं कि यह "स्मार्ट सिटी" नहीं बल्कि "स्मार्ट कहानी" बनकर रह गई है। दरअसल असली कहानी इंजीनियरिंग से ज्यादा व्यवस्था की है। कहा जाता है कि किसी भी निर्माण कार्य की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जिम्मेदारी किसके हाथ में है। लेकिन जब जिम्मेदारी ही उल्टी दिशा में दी जाए तो नतीजा भी उल्टा ही निकलता है। नगरीय प्रशासन विभाग में इन दिनों ऐसा ही एक अनोखा प्रयोग चल रहा है।

बताया जा रहा है कि विभाग में पदस्थ एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से सिविल निर्माण का काम लिया जा रहा है। अब इलेक्ट्रिकल इंजीनियर का काम बिजली की लाइन, ट्रांसफार्मर और वायरिंग देखना होता है, लेकिन यहाँ उनसे पुल, सड़क और भवन निर्माण की जिम्मेदारी भी निभाने की उम्मीद की जा रही है।

जब पुल बनने से पहले ही चर्चा में आ जाए और सड़क बनते ही धँसने लगे, तो स्वाभाविक है कि सवाल उठेंगे। लोग पूछेंगे कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गुणवत्ता क्यों नहीं दिख रही। जिम्मेदार कौन है और जवाबदेही किसकी तय होगी। सरकार अक्सर कहती है कि विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। लेकिन जनता कहती है कि गति के साथ गुणवत्ता भी जरूरी है। अगर जल्दी-जल्दी काम करने के चक्कर में इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को ही दरकिनार कर दिया जाए, तो विकास की जगह दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प बात यह है कि अधिकारी और विभाग अक्सर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आते हैं। कोई कहता है कि डिजाइन में गलती थी, कोई ठेकेदार को दोष देता है, और कोई मौसम को जिम्मेदार बता देता है। लेकिन असली सवाल वही रह जाता है कि आखिर सिस्टम में ऐसी स्थिति पैदा ही क्यों हुई।

जनता अब तंज कसते हुए कह रही है कि अगर इसी तरह प्रयोग चलते रहे तो आने वाले समय में शायद डॉक्टर से पुल बनवाए जाएंगे और इंजीनियर से ऑपरेशन करवाया जाएगा। तब सरकार को फिर समझाना पड़ेगा कि गलती कहाँ हुई। मध्यप्रदेश के शहरों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि योजनाओं में पारदर्शिता हो, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो और तकनीकी काम तकनीकी विशेषज्ञों से ही कराया जाए। वरना "स्मार्ट सिटी" का सपना कागजों और भाषणों तक ही सीमित रह जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )